मुख्यमंत्री का कार्यालय
(जनसंपर्क कोषांग)
बिहार सरकार
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-106
01/02/2023

# मुख्यमंत्री ने 'समाधान यात्रा' के क्रम में सुपौल जिले की समीक्षात्मक बैठक की

पटना, 01 फरवरी 2023 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने समाधान यात्रा के क्रम में सुपौल जिले में विभिन्न विभागों द्वारा चलाए जा रहे विकास योजनाओं की प्रगति के संबंध में सुपौल समाहरणालय स्थित सभागार में जिला स्तरीय समीक्षात्मक बैठक की। इस समीक्षात्मक बैठक में सुपौल जिले के विधायकगण, विधान पार्षद तथा विभिन्न विभागों के अपर मुख्य सचिव/प्रधान सचिव/सचिव शामिल हुए।

बैठक में जिलाधिकारी सुपौल श्री कौशल कुमार ने प्रस्तुतीकरण के माध्यम से जिले में चल रही विभिन्न विकास योजनाओं के संबंध में मुख्यमंत्री को विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने अपने प्रस्तुतीकरण में हर घर नल का जल, हर घर तक पक्की गली–नालियां, बिहार स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना, मुख्यमंत्री निश्चय स्वयं सहायता भत्ता योजना/कुशल युवा कार्यक्रम, सात निश्चय–1 के तहत जिले में निर्माण किए जानेवाले भवनों की स्थिति, पॉलिटेक्निक संस्थानों में सेंटर ऑफ एक्सीलेंस की स्थापना, औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में सेंटर ऑफ एक्सीलेंस की स्थापना, मत्स्य संसाधन का विकास, मुख्यमंत्री उद्यमी योजना, अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति के शैक्षणिक उत्थान के लिए आवासीय विद्यालय, मुख्यमंत्री अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति छात्रावास अनुदान योजना, महादलित सामुदायिक भवन सह वर्क शेड योजना, जीविका समूह का गठन, मुख्यमंत्री कन्या उत्थान योजना, उच्चतर शिक्षा हेतु महिलाओं को प्रोत्साहन, अल्पसंख्यक छात्रावास योजना, मुख्यमंत्री अल्पसंख्यक छात्रावास अनुदान योजना, अल्पसंख्यक मुस्लिम परित्यक्ता/तलाकशुदा महिला सहायता योजना, मुख्यमंत्री अल्पसंख्यक रोजगार ऋण योजना, मुख्यमंत्री पिछड़ा वर्ग व अत्यंत पिछड़ा वर्ग छात्रावास योजना, अन्य पिछड़ा वर्ग कल्याण छात्रावास योजना (पिछड़ा एवं अत्यंत पिछड़ा वर्ग के लिए), जननायक कर्पूरी ठाकुर छात्रावास योजना (अति पिछड़ा वर्ग हेतु), हर खेत तक सिंचाई का पानी सहित अन्य योजनाओं के संबंध में जानकारी दी।

बैठक में शामिल जनप्रतिनिधियों ने मुख्यमंत्री के समक्ष अपने–अपने क्षेत्र की समस्याएं रखीं। जनप्रतिनिधियों की समस्याओं के यथाशीघ्र समाधान हेतु मुख्यमंत्री ने संबंधित विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिया।

बैठक में मुख्यमंत्री ने संबंधित विभाग के अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि नयी बसावटों में हर घर तक पक्की गली–नाली का निर्माण, हर घर तक नल का जल की सुविधा लोगों को यथाशीघ्र उपलब्ध कराने की दिशा में तेजी से काम करें। बिहार स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना का लाभ छात्रों को ससमय उपलब्ध कराएं। मान्यता प्राप्त संस्थानों में अध्ययनरत् छात्रों को इस योजना का लाभ अवश्य सुनिश्चित कराएं। मुख्यमंत्री उद्यमी योजना के तहत चयनित लोगों को मिलनेवाली किश्तवार धनराशि समय से उपलब्ध कराएं ताकि वे अपना व्यवसाय शुरू कर सकें। सात निश्चय योजना–2 के तहत हर खेत तक सिंचाई का पानी निर्धारित समय सीमा के अंदर उपलब्ध हो सके, इस दिशा में लक्ष्य के अनुरूप तेजी से काम करें। बाल हृदय योजना का लाभ सभी जरूरतमंदों को मिले, इस पर विशेष ध्यान दें। मत्स्य

पालन का उत्तर बिहार में काफी संभावना है, जिसको ध्यान में रखते हुए चौर क्षेत्र में ऊपर बिजली नीचे मछली के कॉन्सेप्ट को ध्यान में रखकर इस दिशा में कार्य कराएं, इससे लोगों को काफी फायदा होगा।

समीक्षा बैठक में वित्त, वाणिज्य कर एवं संसदीय कार्य मंत्री श्री विजय कुमार चौधरी, ऊर्जा, योजना एवं विकास मंत्री श्री बिजेंद्र प्रसाद यादव, जल संसाधन सह सूचना एवं जन–संपर्क मंत्री सह सुपौल जिले के प्रभारी मंत्री श्री संजय कुमार झा, विधायक श्री अनिरुद्ध प्रसाद यादव, विधायक श्री रामविलास कामत, विधायक श्रीमती वीणा भारती, विधान पार्षद श्री अजय कुमार सिंह, विकास आयुक्त श्री विवेक कुमार सिंह, पुलिस महानिदेशक श्री आर0 एस0 भट्टी सहित विभिन्न विभागों के अपर मुख्य सचिव/प्रधान सचिव/सचिव, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव डॉ० एस० सिद्धार्थ, मुख्यमंत्री के सचिव श्री अनुपम कुमार, आयुक्त कोशी प्रमंडल श्री मनोज कुमार, पुलिस उप महानिरीक्षक कोशी प्रक्षेत्र श्री शिवदीप लांडे, जिलाधिकारी श्री कौशल कुमार, पुलिस अधीक्षक श्री डी0 अमरकेश एवं अन्य वरीय अधिकारीगण उपस्थित थे।

******